राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
State Election Commission, Bihar

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 27.05.2026

**नगरपालिका निर्वाचन 2026 – अत्याधुनिक मल्टी पोस्ट S3 EVM त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण का सफल समापन**

बिहार के नगरीय निकाय चुनावों को तकनीकी रूप से सुदृढ़, स्वतंत्र और पारदर्शी बनाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार अत्याधुनिक 'मल्टी पोस्ट S3 मॉडल ईवीएम (EVM)' का उपयोग किया जा रहा है। इस क्रम में माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद के मार्गदर्शन में पटना स्थित राज्य निर्वाचन आयोग- कार्यालय में 25 मई से 27 मई 2026 तक तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**'मल्टी पोस्ट S3 मॉडल ईवीएम' के प्रयोग को बिहार के निर्वाचन इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा- राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद**

इस अवसर पर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद ने आसन्न नगरपालिका चुनाव में 'मल्टी पोस्ट S3 मॉडल ईवीएम' के प्रयोग को बिहार के निर्वाचन इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया, जो राज्य की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक आधुनिक व सुदृढ़ बनाएगा। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि यह अत्याधुनिक तकनीक न केवल मतदान को सुगम बनाएगी, बल्कि अपनी 'एंटी-टैंपरिंग' और 'म्यूचुअल ऑथेंटिकेशन' जैसी सुरक्षा विशेषताओं के कारण चुनाव की निष्पक्षता, गोपनीयता और पारदर्शिता की तकनीकी गारंटी है।

**25 मई 2026 (उद्घाटन एवं प्रथम चरण)**

माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ.दीपक प्रसाद ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि S3 मॉडल EVM 'मल्टी पोस्ट वोटिंग', 'टोटलाइजर तकनीक' और 'सिक्योर मेमोरी मॉडल' जैसी विशेषताओं के साथ चुनाव प्रक्रिया को अभेद्य बनाएगा।

- **तकनीकी विशेषज्ञ:** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ECIL), हैदराबाद के श्री के.वी. कमल तेज (सीनियर मैनेजर) और श्री आदित्य सी.जी. (डिप्टी मैनेजर)।
- **प्रथम सत्र:** पटना जिले के तीन नगर परिषदों (फुलवारी शरीफ, दानापुर निजामत एवं खगौल) के निर्वाची पदाधिकारियों (S.D.O. / D.C.L.R.) तथा 14 मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया।
- **द्वितीय सत्र:** सारण, औरंगाबाद, पूर्वी चम्पारण एवं सिवान जिलों के निर्वाची पदाधिकारियों व मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया।



Scanned with OKEN Scanner

**26 मई 2026 (व्यावहारिक अभ्यास एवं डिजिटल प्रबंधन) एवं 27 मई 2026 (अंतिम समीक्षा, मॉक पोल एवं समापन)**

25.05.2025 प्रथम दिन के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के उपरांत दूसरे दिन क्रमशः सारण, औरंगाबाद, पूर्वी चम्पारण और सिवान जिलों एवं अंतिम दिन 27.05.20026 को पटना जिले के मास्टर ट्रेनर्स को गहन व्यावहारिक (Hands-on) प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सभी मास्टर ट्रेनर्स का निर्धारित कार्यक्रम/सत्र के दौरान दक्षता परीक्षण (Evaluation Test) के माध्यम से मूल्यांकन किया गया। जिसके महत्वपूर्ण विवरण निम्नवत हैः-

**पूर्वाह्न सत्र:** ECIL के अभियंताओं द्वारा S3 EVM के इतिहास, SMM फीचर, टोटलाइजर तथा FLC व SDPC (सीलिंग, वितरण, पोलिंग और काउंटिंग) प्रोसेस का लाइव प्रदर्शन किया गया।

- **मध्याह्न सत्र:** ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम (EMS) आधारित कार्यप्रणाली की थ्योरी और लाइव डेमो दिया गया।
- **अपराह्न सत्र (मॉक पोल):** वास्तविक मतदान जैसी स्थितियों में प्रत्येक ट्रेनर से व्यक्तिगत रूप से बैलेट सेटिंग, कैंडिडेट मैपिंग और रिजल्ट डिस्प्ले का अभ्यास कराया गया।
- **मूल्यांकन:** मास्टर ट्रेनर्स की प्रभावशीलता मापने के लिए अंतिम रूप से दक्षता परीक्षण (Evaluation Test) भी लिया गया। ये ट्रेनर्स अब अपने-अपने जिलों में जमीनी स्तर पर मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे।
- **व्यावहारिक दक्षता:** मुख्य रूप से आपातकालीन परिस्थितियों (जैसे मशीन खराब होना या तकनीकी खराबी) से निपटने और त्वरित समाधान (Troubleshooting) पर विशेष जोर दिया गया।

**त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण का सफल समापन**

माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त ने डॉ.दीपक प्रसाद ने 'मल्टी पोस्ट S3 मॉडल ईवीएम (EVM)' आधारित विशेष प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षित हुए सभी मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अब उनके कंधों पर अपने-अपने जिलों में जमीनी स्तर पर मतदान कर्मियों को त्रुटिहीन तरीके से प्रशिक्षित करने की बड़ी जिम्मेदारी है, ताकि आगामी चुनाव का सफल संचालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने पूरी टीम (आयोग के पदाधिकारियों और ECIL के तकनीकी विशेषज्ञों) को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और विश्वास जताया कि बिहार निर्वाचन आयोग द्वारा अपनाए गए ये तकनीकी नवाचार (जैसे टोटलाइजर तकनीक) देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बनेंगे।

माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद की उपस्थिति में प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों मुख्यरूप से समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों का अंतिम मूल्यांकन का कार्य संपादित किया गया। इस अवसर पर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित समस्त मास्टर ट्रेनर्स की सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही आयोग की ओर से तकनीकी बारीकियों में संलग्न समस्त पदाधिकारियों एवं टीम को भी सफलतापूर्वक आयोजन के लिए बधाई दी।



Scanned with OKEN Scanner

आयोग की ओर से विशेष कार्य पदाधिकारी श्री संजय कुमार, संयुक्त निर्वाचन आयुक्त श्री शंभू कुमार और निर्वाचन अधिकारी श्री अनिल कुमार पटेल एवं श्री प्रेम प्रकाश के मार्गदर्शन में इस ऐतिहासिक त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन किया गया। अब बिहार राज्य तकनीकी रूप से निष्पक्ष और आधुनिक चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

**नागरिकों/मतदाताओं के लिए विशेष सूचना**

- नगरपालिका निर्वाचन, 2026 के लिए आयोग के अनुमोदन के पश्चात प्रपत्र - A में तैयार संबंधित संपूर्ण मतदान केंद्रों की अंतिम सूची प्रकाशित कर दी गई है, जिसे आयोग की वेबसाइट www.sec.bihar.gov.in पर देखा और डाउनलोड किया जा सकता है। इस क्रम में मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची के मुद्रण की तिथि 29.05. 2026 निर्धारित की गई है।

- **मतदान केन्द्रों का GIS मैपिंगः** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका निर्वाचन, 2026 के लिए पूर्व की भांति ही संबंधित नगरपालिकाओं एवं उनके वार्ड का सीमांकन GIS मैपिंग के माध्यम से किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) आयोग द्वारा अनुमोदित अंतिम मतदान केन्द्रों की सूची संबंधित वार्ड के प्रमुख स्थलों के रूप में GIS मैपिंग के माध्यम से चिन्हित किया जायेगा ताकि मतदाता अपने निवास स्थान से निकट के मतदान केन्द्र के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें।

- किसी भी प्रकार की निर्वाचन संबंधी जानकारी, सुझाव या शिकायत के लिए आयोग के **टोल-फ्री नंबर 1800-3457-243** पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा आयोग के आधिकारिक वेबसाईट www.sec.bihar.gov.in पर भी सभी प्रकार की अद्यतन जानकारी उपलब्ध है।

27/5/26

**संयुक्त निर्वाचन आयुक्त**

**राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार**



Scanned with OKEN Scanner